# गौतम बुद्ध महाविद्यालय

सम्बद्ध-सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

पचपेड़वा, सांगठ, संतकबीर नगर (उ.प्र.)

**(शिक्षा संकाय)**

## पाठ्य योजना - 2

सत्र : 20.24...-20.25.



छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका का नाम अनुराधा त्रिपाठी

शिक्षण विषय पाठ्य - योजना - 2, नागरिकशास्त्र

महाविद्यालय अनुक्रमांक

विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित अनुक्रमांक

दिनांक 29/01/25

(1)

# पाठ योजना - 1

**विद्यालय का नाम :** गौतम बुद्ध महाविद्यालय पचपेड़वा, सांग० संतकबीर नगर

**छात्राध्यापिका का नाम :** अनुराधा त्रिपाठी

| दिनाँक | कक्षा | वर्ग | विषय | उप-विषय | चक्र | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29/01/25 | 6 | 'अ' | सा॰विज्ञान | नागरिकशास्त्र | Ist | 40 मिनट |

**प्रकरण :**

**उद्देश्य :**

**समान्य उद्देश्य :**

1. छात्रों में नागरिकशास्त्र विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
2. छात्रों में बौद्धिक एवं तार्किक शक्ति का विकास करना
3. छात्रों में राजनैतिक चेतना जाग्रत करना
4. छात्रों में आदर्श नागरिकता के गुणों का विकास करना
5. छात्रों को देश की शासन व्यवस्था से परिचित कराना
6. छात्रों में प्रजातंत्र के प्रति दृढ़ विश्वास उत्पन्न करना
7. छात्रों में देश प्रेम तथा विश्वबन्धुत्व की भावना का विकास करना
8. छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाना
9. छात्रों को अच्छे नागरिक के अधिकार एवं कर्तव्यों से परिचित कराना
10. छात्रों में अपने विचारों को स्वतंत्र एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना।

दिनांक ..........................



## विशिष्ट उद्देश्य

**ज्ञानात्मक उद्देश्य** ÷ छात्र राष्ट्रध्वज के बारे में ज्ञान प्राप्त कर प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।

**बोधात्मक उद्देश्य** ÷ छात्र राष्ट्र ध्वज तथा अन्य ध्वज में अंतर कर सकेंगे।

**प्रयोगात्मक उद्देश्य** ÷ छात्र राष्ट्र ध्वज का चित्र बनाने का कौशल प्राप्त कर सकेंगे।

**सहायक सामग्री** ÷ चार्ट पर अंकित राष्ट्रध्वज का चित्र तथा राष्ट्रध्वज संबंधित नियम।

**प्रविष्ट व्यवहार** ÷ छात्र हमारे देश में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय पर्वों से परिचित हैं।

**प्रस्तावना के प्रश्न** ÷

| क्र.सं. | छात्राध्यापिका कथन/क्रिया | छात्र कथन/क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | हमारे देश का क्या नाम है? | हमारे देश का नाम भारत है |
| 2. | भारत वर्ष में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय पर्व कौन - कौन से हैं? | गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस दो अक्टूबर आदि। |
| 3. | राष्ट्रीय पर्वों पर कौन-सा ध्वज फहराया जाता है? | राष्ट्रीय पर्वों पर राष्ट्रध्वज फहराया जाता हैं। |
| 4. | राष्ट्रध्वज के विषय में आप क्या जानते हैं? | |

**उद्देश्य कथन** ÷ बच्चों! आज हम सब राष्ट्रध्वज के बारे में में विस्तृत अध्ययन करेंगे।

## प्रस्तुतीकरण

दिनांक ...........................

(3)

| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन क्रिया |
|---|---|---|
| 1<br>राष्ट्रध्वज की संरचना | **विकासात्मक प्रश्न** | |
| | प्रश्न 1- राष्ट्रध्वज मे कितने रंग है? | राष्ट्रध्वज मे तीन रंग हैं। |
| | प्रश्न 2- राष्ट्रध्वज मे रंगो का क्रम क्या है? | राष्ट्रध्वज मे सबसे ऊपर केसरिया रंग, उसके नीचे सफेद रंग तथा सबसे नीचे हरा रंग हैं। |
| | प्रश्न 3- सफेद रंग के बीच मे क्या बना है? | ? |
| | स्पष्टीकरण÷ राष्ट्रध्वज मे तीन रंग होते हैं। इसलिए इसे तिरंगा भी कहते हैं। इसके सबसे ऊपर केसरिया रंग, फिर उसके नीचे सफेद रंग तथा सबसे नीचे हरा रंग होता हैं। सफेद रंग के बीच में एक गोल चक्र बना है जिसमे 24 तीलियाँ हैं। राष्ट्रध्वज की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। | छात्र ध्यान - पूर्वक सुन रहे हैं? |

**बोध प्रश्न ÷**

राष्ट्रध्वज को तिरंगा क्यों कहते हैं?

1. राष्ट्रध्वज के बीच मे बने चक्र मे कितनी तीलियाँ होती हैं?
2. राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?
3. राष्ट्रध्वज सम्बन्धी कोई नियम बताइए?
4.

दिनांक ..........................

(5)

## श्यामपट्ट सारांश :-

राष्ट्रध्वज में तीन रंग होने के कारण इसे तिरंगा कहते हैं।
1 राष्ट्रध्वज के बीच में बने चक्र में 24 तीलियाँ होती हैं।
2 राष्ट्रगान के रचयिता गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर थे।
3 राष्ट्रध्वज कटा पुराना व खराब रंगो वाला नहीं होना
4 चाहिए।

## निरीक्षण कार्य :-

जब बच्चे श्यामपट्ट सारांश लिखेंगे तो इस समय छात्राध्यापिका द्वारा पूरी कक्षा का निरीक्षण किया जायेगा।

## मूल्यांकन प्रश्न :-

राष्ट्रध्वज के बीच में बना गोल चक्र किसका प्रतीक है?
1. राष्ट्रध्वज की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात क्या है?
2. राष्ट्रगान को गाने के लिए कितना समय लगता है?
3.

## गृहकार्य :-

कल सभी छात्र राष्ट्रध्वज पर चार लेख लिखकर लायेंगे।

## सुझाव / आलोचना

ह० निरीक्षक

ह० परीक्षक

दिनांक 21/01/25

5

# पाठ-योजना - 2

विद्यालय का नाम ÷ आदर्श जनता इण्टर कालेज, पचपेड़वा, सांगठ संतकबीर नगर

छात्राध्यापिका का नाम ÷ अनुराधा त्रिपाठी

| दिनाँक | कक्षा | वर्ग | विषय | उप-विषय | चक्र | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21/01/25 | 7 | 'अ' | सा. विज्ञान | नागरिक शास्त्र | IInd | 40 मिनट |

प्रकरण ÷ न्यायपालिका

उद्देश्य ÷

सामान्य उद्देश्य ÷

1. छात्रों को नागरिकशास्त्र विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना
2. छात्रों में बौद्धिक एवं तार्किक शक्ति का विकास करना
3. छात्रों में राजनैतिक चेतना जाग्रत करना
4. छात्रों को देश की शासन व्यवस्था से परिचित करना
5. छात्रों में आदर्श नागरिकता के विकास करना
6. छात्रों में प्रजातंत्र के प्रति दृढ़ विश्वास उत्पन्न करना
7. छात्रों में देश प्रेम तथा विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास करना
8. छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना
9. छात्रों को अच्छे नागरिक के अधिकार एवं कर्तव्यों से परिचित कराना
10. छात्रों में अपने विचारों को स्वतंत्र एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना

दिनांक ..........................



विशिष्ट उद्देश्य :-

ज्ञानात्मक उद्देश्य :- विद्यार्थी न्यायपालिका के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

बोधात्मक उद्देश्य :- विद्यार्थी न्यायपालिका के विभिन्न कार्यों में अन्तर स्पष्ट कर सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :- विद्यार्थी न्याय से सम्बंधित ज्ञान का दैनिक जीवन में उपयोग कर सकेंगे।

सहायक सामग्री :-

प्रविष्ट व्यवहार :- विद्यार्थी न्यायपालिका के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना के प्रश्न :-

| क्र. सं. | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन / क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | भारत देश के सभी नियम कानून कहाँ लिखे हैं? | भारतीय संविधान में |
| 2. | भारतीय संविधान में नागरिकों के अधिकार कहाँ लिखे हैं? | भारतीय संविधान में नागरिकों के अधिकार मौलिक अधिकार में लिखे हैं। |
| 3. | न्यायलय का सम्बंध संविधान के किस अंग से है? | न्यायपालिका से |
| 4. | जब मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो हम किसकी सहायता लेते हैं? | न्यायालय की |
| 5. | न्यायलय का सम्बंध संविधान के किस अंग से है? | न्यायपालिका से |
| 6. | न्यायपालिका के बारे में विस्तारपूर्वक बताइए? | समस्यात्मक |

दिनांक ..........................



उद्देश्य कथन ÷ छात्रों आज हम लोग 'न्यायपालिका' के बारे में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण ÷

| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन / क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | विकासात्मक प्रश्न | |
| | 1. समानता का अधिकार क्या है? | मौलिक अधिकार है। |
| | 2. मौलिक अधिकारों की रक्षा कौन करता है? | मौलिक अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च उच्च न्यायालय करता है। |
| | 3. न्यायलय / न्यायपालिका से आप क्या समझते हैं? | ? |
| | स्पष्टीकरण ÷ न्यायपालिका संविधान का एक प्रमुख अंग है, हमारे देश में केन्द्र एवं राज्यों के लिए पृथक-पृथक न्याय प्रणाली को न अपना कर स्वीकृत न्याय प्रणाली को अपनाया गया हैं। न्यायपालिका का प्रमुख कार्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ संविधान की रक्षा करना भी हैं। यह सरकार को निरंकुश होने से रोकती है। | |

दिनांक ..........................

(8)

## बोध प्रश्न :

1. देश का शीर्ष न्यायिक प्राधिकरण कौन है?
2. न्यायपालिका का मुख्य कार्य क्या है?
3. हमारे देश में कैसी न्याय प्रणाली को अपनाया गया है?
4. भारतीय संघ की व्यापक और अधिकतम न्यायिक अधिकारिता किसे प्राप्त है?

## श्यामपट्ट सारांश :

1. सर्वोच्च न्यायालय देश का शीर्ष न्यायीक प्राधिकरण है।
2. न्यायपालिका का प्रमुख कार्य नागरिकों की रक्षा के साथ-साथ संविधान का रक्षा करना भी है।
3. हमारे देश में एकीकृत न्यायप्रणाली को अपनाया गया है।
4. भारतीय संघ की व्यापक और अधिकतम न्यायिक अधिकारिता सर्वोच्च न्यायलय को प्राप्त है।

**निरीक्षण कार्य :** जब बच्चे ! श्यामपट्ट सारांश लिखेंगे तो उस समय छात्राध्यापक द्वारा पूरी कक्षा का निरीक्षण किया जायेगा।

## मूल्यांकन प्रश्न

1. सर्वोच्च न्यायालय को संविधान के किस भाग के तहत स्थापित किया गया है?
2. सर्वोच्च न्यायालय सरकार को क्या होने से रोकती है?
3. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में विर्णित नियम उच्चतम न्यायालय की संरचना और अधिकार क्षेत्र की

दिनांक ..........................

(१)

नीव है?

गृहकार्य :-

1. न्यायपालिका का मुख्य कार्य क्या है?
2. सर्वोच्च न्यायालय के संगठन की व्याख्या करिए।

सुझाव / आलोचना

ह. निरीक्षक

ह. परीक्षक

दिनांक 30|01|25

(10)

## पाठ योजना -3

विद्यालय का नाम ÷ आदर्श जनता इण्टर कालेज, पचपेड़वा संतकबीर नगर

छात्राध्यापिका का नाम ÷ अनुराधा त्रिपाठी

| दिनाँक | कक्षा | वर्ग | विषय | उप- विषय | चक्र | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30/01/25 | 7 | 'अ' | सा· विज्ञान | नागरिकशास्त्र | IInd | 40 मिनट |

प्रकरण ÷ मौलिक अधिकार

उद्देश्य ÷

सामान्य उद्देश्य ÷

1. छात्रों में नागरिकशास्त्र विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना
2. छात्रों में बौद्धिक एवं तार्किक शक्ति का विकास करना
3. छात्रों में राजनीतिक चेतना जाग्रत करना
4. छात्रों को देश की शासन व्यवस्था से परिचित करना
5. छात्रों में आदर्श नागरिकता के गुणों का विकास करना
6. छात्रों में प्रजातंत्र के प्रति दृढ़ विश्वास उत्पन्न करना
7. छात्रों में देशप्रेम तथा विश्वबन्धुत्व की भावना का विकास करना
8. छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाना
9. छात्रों को अच्छे नागरिक के अधिकार एवं कर्तव्यों से परिचित कराना
10. छात्रों में अपने विचारों को स्वतंत्र एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना

दिनांक ..........................



## विशिष्ट उद्देश्य :

**ज्ञानात्मक उद्देश्य :** छात्र संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों को जान सकेंगे।

**बोधात्मक उद्देश्य :** छात्र मौलिक अधिकारों तथा अन्य अधिकारों में अन्तर स्पष्ट कर सकेंगे।

**प्रयोगात्मक उद्देश्य :** छात्र मौलिक अधिकारों का अपने जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

**सहायक सामग्री :** चार्ट तथा अन्य कक्षापयोगी सामग्री

**प्रविष्ट व्यवहार :** छात्र संविधान में वर्णित मानव अधिकारों एवं मौलिक अधिकारों के बारे में समान्य जानकारी रखते हैं।

| क्र.स | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन / क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | भारत के राष्ट्रीय पर्व कौन-कौन से हैं? | गणतंत्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस गाँधी जयंती आदि |
| 2 | गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है? | गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाया जाता है। |
| 3. | 26 जनवरी 1950 को क्या लागू हुआ था? | 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। |
| 4. | संविधान में नागरिको के अधिकार कहाँ लिखे हैं? | मौलिक अधिकारों में |
| 5. | मौलिक अधिकार कितने हैं? | समस्यात्मक |

**उद्देश्य कथन :** बच्चो! आज हम लोग 'मौलिक अधिकारों' के बारे मे अध्ययन करेंगे।

दिनांक ..........................



## प्रस्तुतीकरण

| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन क्रिया | छात्र कथन क्रिया |
|---|---|---|
| मानव अधिकार | **विकासात्मक प्रश्न**<br>1. मानवाधिकार क्या है?<br>2. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?<br><br>**स्पष्टीकरण :-** मानव अधिकार जन्म से प्रारम्भ होकर जीवन भर साथ रहते हैं चाहे व्यक्ति किसी भी समाजिक आर्थिक स्तर, जाति व किसी भी धर्म से हो, 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा मे मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की, इसी दिन को पूरा विश्व मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाता हैं। भारत मे मानवाधिकारो की रक्षा के लिए 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। | मानवाधिकार का मतलब ऐसे हक से हैं जो हमारे जीवन और मान सम्मान से जुड़ा है?<br>?<br><br>छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |

**बोध प्रश्न :-**

1. संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में मानवाधिकारो की सर्वभौमिक घोषणा कब की गई?
2. मूल संविधान मे कितने मौलिक अधिकार थे?
3. मानवाधिकार दिवस कब मनाया जाता है?

5\. मौलिक अधिकारो की गारण्टी कौन देता है?

श्यामपट्ट सारांश :-

1\. 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में मानवाधिकारो की सर्वभौमिक घोषणा की गई।
2\. मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे।
3\. मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर को मानाया जाता है।
4\. भारतीय संविधान मौलिक अधिकारो की गारण्टी लेता है।

निरीक्षण कार्य :- जब बच्चे। श्यामपट्ट सारांश लिखेंगे तो उस समय छात्राध्यापक द्वारा पूरी कक्षा का निरीक्षण किया जायेगा।

मूल्यांकन प्रश्न :-
1\. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन कब किया गया?
2\. संविधान में मौलिक अधिकारो की व्याख्या कहाँ की गई है?
3\. किस संविधान संसोधन द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को हटा दिया गया?

गृहकार्य :- छात्र घर से सभी मौलिक अधिकारो के बारे में लिखकर लायेंगे।

सुझाव / आलोचना

ह. निरीक्षक

ह. परीक्षक

# पाठ-योजना संख्या - 5

विद्यालय का नाम :- आदर्श जनता इण्टर कालेज पचपेड़वा, संतकबीर नगर

छात्राध्यापिका का नाम :- अनुराधा त्रिपाठी

| दिनाँक | कक्षा | वर्ग | विषय | उप-विषय | चक्र | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31/01/25 | 8 | 'अ' | सा० विज्ञान | नागरिकशास्त्र | III rd | 40 मिनट |

प्रकरण :- राष्ट्रपति

उद्देश्य :-

सामान्य उद्देश्य :-

1. छात्रों में नागरिकशास्त्र विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
2. छात्रों में बौद्धिक एवं तार्किक शक्ति का विकास करना।
3. छात्रों में राजनीतिक चेतना जाग्रत करना।
4. छात्रों को देश की शासन व्यवस्था से परिचित करना।
5. छात्रों में आदर्श नागरिकता के गुणों का विकास करना।
6. छात्रों में प्रजातंत्र के प्रति दृढ़ विश्वास उत्पन्न करना।
7. छात्रों में देशप्रेम तथा विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास करना।
8. छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाना।
9. छात्रों को अच्छे नागरिक के अधिकार एवं कर्तव्यों से परिचित कराना।
10. छात्रों में अपने विचारों को स्वतंत्र एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना।

दिनांक ..........................



## विशिष्ट उद्देश्य :

**ज्ञानात्मक उद्देश्य** : छात्र राष्ट्रपति के विषय में ज्ञान प्राप्त कर प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।

**बोधात्मक उद्देश्य** : छात्र राष्ट्रपति की अनिवार्य योग्यताओं व कार्यों को समझ सकेंगे।

**प्रयोगात्मक उद्देश्य** : छात्र राष्ट्रपति के विषय में जानकर अंदर कौशल विकासित कर सकेंगे।

**सहायक सामग्री** : चार्ट तथा अन्य कक्षापयोगी सामग्री

**प्राविष्ट व्यवहार** : छात्र हमारे देश के संवैधानिक पद से परिचित हैं।

**प्रस्तावना के प्रश्न** :

| क्र.सं. | छात्रध्यापिका कथन/क्रिया | छात्र कथन क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | हमारे देश का क्या नाम है? | हमारे देश का नाम भारत है। |
| 2. | भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है? | भारत का राष्ट्रपति भारत का प्रथम नागरिक होता है। |
| 3. | राष्ट्रपति के विषय में आप क्या जानते हैं? | ? |

**उद्देश्य कथन** : बच्चों आज हम सब राष्ट्रपति के बारे में विस्तृत अध्ययन करेंगे।

दिनांक ..............



## प्रस्तुतीकरण :

| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन / क्रिया |
| --- | --- | --- |
| 1. राष्ट्रपति की नियुक्ति तथा कार्यकाल | **विकासात्मक प्रश्न :** देश का संवैधानिक प्रमुख कौन होता है? | राष्ट्रपति देश का संवैधानिक प्रमुख होता है। |
| | राष्ट्रपति की नियुक्ति कैसे होती है? | ? |
| | **स्पष्टीकरण :** | |
| | राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक तथा संवैधानिक प्रमुख होता है। देश के राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च होता है राष्ट्रपति की नियुक्ति में संसद के दोनो सदनो तथा राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। मनोनीत सदस्य इसमें भाग नहीं लेते राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। परन्तु इससे पूर्व भी उसे महाभियोग द्वारा हटाया जा सकता है। यदि लोकसभा अपने 2/3 बहुमत से इस संकल्प को पारित कर दे और राज्य सभा भी पास कर देती है। तो राष्ट्रपति का पद रिक्त हो जाता है। राज्य की विधानसभा महाभियोग मे भाग नही लेती। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |

| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन/क्रिया | छात्र कथन/क्रिया |
|---|---|---|
| राष्ट्रपति की योग्यताएँ | **विकासात्मक प्रश्न ÷**<br>1. क्या राष्ट्रपति बनने के लिए व्यक्ति को भारत का नागरिक होना जरूरी है।<br>2. राष्ट्रपति पद की क्या योग्यताएँ होती है? | 1. हाँ, राष्ट्रपति बनने के लिए व्यक्ति को भारत का नागरिक होना आवश्यक है।<br>2. |
| | **स्पष्टीकरण ÷**<br>राष्ट्रपति पद की निम्न योग्यताएँ होती हैं-<br>1. वह भारत का नागरिक हो<br>2. वह 35 वर्ष की आयु पूरा कर चुका हो<br>3. वह लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखता हो।<br>4. वह सरकार के अधीन किसी लाभ के पद पर न हो<br>5. वह पागल या दिवालिया न हो | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे |

दिनांक ........................



| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन/क्रिया | छात्र कथन/क्रिया |
|---|---|---|
| 3. | **विकासात्मक प्रश्न-** 1. संघ के सभी कार्य किसके नाम पर किये जाते हैं? <br> 2. राष्ट्रपति के क्या कार्य हैं? | संघ के सभी कार्य राष्ट्रपति के नाम पर किये जाते हैं। <br> 2. |
| राष्ट्रपति के कार्य | **स्पष्टीकरण :-** संघ के सभी कार्य राष्ट्रपति के नाम पर किये जाते हैं। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा राज्यपाल की नियुक्ति करता है। वह महान्यायवादी, निर्वाचन आयोग सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश आदि की नियुक्ति करता है। संसद का सदन बुलाना तथा लोकसभा को भंग करना आदि कार्य राष्ट्रपति करता है। राष्ट्रपति तीनो सेनाओं का प्रमुख होता है। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |

**बोध प्रश्न**

1. राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित होने की न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?
2. निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है?
3. राष्ट्रपति को उसके पद से किस प्रक्रिया द्वारा हटाया जा सकता है?

दिनांक ..........................

(19)

4. तीनों सेनाओं का प्रमुख कौन होता है?

श्यामपट्ट सारांश ÷

1. राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने की न्यूनतम आयु 35 वर्ष हैं।
2. निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति करता हैं।
3. राष्ट्रपति को उसके पद से महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा हटाया जा सकता हैं।
4. तीनों सेनाओं का प्रमुख राष्ट्रपति होता हैं।

निरीक्षण कार्य ÷ जब बच्चे। श्यामपट्ट सारांश लिखेंगे तो उस समय छात्राध्यापिका द्वारा पूरी कक्षा का निरीक्षण किया जायेगा।

मूल्यांकन प्रश्न ÷

1. देश का प्रथम नागरिक कौन होता है?
2. राष्ट्रपति पद की योग्यताएँ बताइए?
3. भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति कौन करता है?

गृहकार्य ÷ कल सभी छात्र राष्ट्रपति के कार्यों को लिखकर लायेंगे।

सुझाव/आलोचना

ह० निरीक्षक

ह० परीक्षक

दिनांक 07/02/25



# पाठ योजना संख्या - 5

विद्यालय का नाम ÷ आदर्श जनता इण्टर कॉलेज, पचपेड़वा संतकबीर नगर

छात्राध्यापिका का नाम ÷ अनुराधा त्रिपाठी

| दिनाँक | कक्षा | वर्ग | विषय | उप-विषय | चक्र | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07/02/25 | 7 | 'अ' | सा० विज्ञान | नागरिक शास्त्र | II nd | 40 मिनट |

प्रकरण ÷ 'संसद'

उद्देश्य ÷

सामान्य उद्देश्य ÷

1. छात्रों में नागरिकशास्त्र विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
2. छात्रों में बौद्धिक एवं तार्किक शक्ति का विकास करना।
3. छात्रों में राजनीतिक चेतना जाग्रत करना।
4. छात्रों को देश की शासन व्यवस्था से परिचित कराना।
5. छात्रों में आदर्श नागरिकता के गुणों का विकास करना।
6. छात्रों में प्रजातंत्र के प्रति दृढ़ विश्वास उत्पन्न करना।
7. छात्रों में देश प्रेम तथा विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास करना।
8. छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाना।
9. छात्रों को अच्छे नागरिक के अधिकार एवं कर्तव्यों से परिचित कराना।
10. छात्रों में अपने विचारों को प्रभावशाली एवं स्वतंत्र ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना।

विशिष्ट उद्देश्य :-

ज्ञानात्मक उद्देश्य :- बच्चे संसद के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

बोधात्मक उद्देश्य :- छात्रों में संसद के बारे में समझ विकसित हो सकेगी

प्रयोगात्मक :- छात्र संसद के कार्यों को चार्ट पर अंकित करने का कौशल प्राप्त कर सकेंगे।

सहायक सामग्री :- संसद के अंगों एवं कार्यों को प्रदर्शित करता चार्ट

प्रविष्ट व्यवहार :- बच्चे लोकतंत्र के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना के प्रश्न :-

| क्र.सं. | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन / क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | हम किस देश में रहते हैं? | हम भारत में रहते हैं। |
| 2. | भारत में किस प्रकार की शासन व्यवस्था अपनाई जाती है? | भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अपनायी जाती है |
| 3. | लोकतंत्र में जनता किसका चुनाव करती है? | प्रतिनिधियों का |
| 4. | ये प्रतिनिधि देश का कानून कहाँ बनाते हैं? | संसद में |
| 5. | संसद के कितने अंग होते हैं? | समस्यात्मक |

उद्देश्य कथन :- बच्चो! आज हम लोग संसद के बारे में

दिनांक ..........................



अध्ययन करेंगे।

## प्रस्तुतीकरण :-

| शिक्षण बिंदु | छात्राध्यापिका कथन/क्रिया | छात्र कथन/क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | **विकासात्मक प्रश्न** :<br>1. संसद भवन कहाँ स्थित है?<br>2. संसद के बारे में आप क्या जानते हैं? | संसद भवन नई दिल्ली में स्थित है।<br>2. |
| परिचय | **स्पष्टीकरण** :- संसद भारत का सर्वोच्च विधायी संस्था है। इसके दो सदन हैं-<br>1. लोकसभा<br>2. राज्यसभा<br>भारतीय संसद का संचालन संसद भवन में होता है। राष्ट्रपति के पास संसद के दोनों सदनों में से किसी को बुलाने तथा स्थगित करने की शक्ति प्राप्त है। संसद भवन नई दिल्ली में स्थित है। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे |

| शिक्षण बिन्दु | छात्राध्यापिका कथन / क्रिया | छात्र कथन / क्रिया |
|---|---|---|
| 2. | विकासात्मक प्रश्न :- भारतीय लोकतंत्र में जनता की सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था कौन है?<br>संसद की क्या भूमिका है? | भारतीय लोकतंत्र में संसद जनता की सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था है। |
| भूमिका | स्पष्टीकरण :- भारतीय लोकतंत्र में संसद जनता की सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था है। यह वह धुरी है जो देश की शासन की नींव है। भारतीय संसद राष्ट्रपति और दो सदनों राज्य सभा और लोकसभा से मिलकर बना है।<br>राष्ट्रपति - राष्ट्रपति भारतीय संसद का अंग होता है फिर भी वह दोनों सदनों में से किसी में नहीं बैठता है। राष्ट्रपति के पास सभी विधायी शक्तियाँ होती है।<br>राज्यसभा - इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह राज्यों का परिषद है। यह अप्रत्यक्ष रूप से लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव विधान सभा के विधायक करते हैं, उनका कार्यकाल 6 वर्ष होता है।<br>लोकसभा - लोकसभा के सदस्यों का | 2. |

दिनांक ..........



प्रत्यक्ष चुनाव होता है। इनका कार्यकाल
5 वर्षों का होता है।

## बोध प्रश्न :-

1. संसद की पूर्व संस्था क्या थी?
2. संसद की स्थापना कब हुई
3. संसद के क्या कार्य हैं?
4. संसद में कितने सदन हैं?

## श्यामपट्ट सारांश :-

1. संसद की पूर्व संस्था भारतीय संविधान सभा थी।
2. संसद की स्थापना 26 जनवरी 1950 को हुई
3. देश के कानून नियमों का निर्माण करना संसद के कार्य है।
4. संसद के दो सदन हैं।

**निरीक्षण कार्य :-** जब बच्चे श्यामपट्ट सारांश लिखेंगे तो उस समय छात्राध्यापिका द्वारा पूरी कक्षा का निरीक्षण किया जायेगा।

## मूल्यांकन प्रश्न :-

1. भारतीय संसद के कितने अंग हैं?
2. लोकसभा के सदस्यों का संचालन कहाँ होता है?
3. लोकसभा के भारतीय संसद का संचालन कहाँ होता है।

दिनांक ..........................



गृहकार्य :-

कल सभी बच्चे संसद के अंगो के बारे में लिखकर लायेंगे।

सुझाव/आलोचना

ह. निरीक्षक

ह. परीक्षक